भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1311**

उत्तर देने की तारीख 08 दिसंबर, 2025
17 अग्रहायण, 1947 (शक)

## बिहार में केआईसी/केआईएससीई की संख्या

**1311. श्री अरुण भारती:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में स्वीकृत एवं चालू खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) तथा खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ख) जमुई लोक सभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत केआईसी की विशिष्ट संख्या, उनके स्थान तथा उनके द्वारा कवर की गई खेल विधाओं का ब्यौरा क्या है;
(ग) जमुई में उक्त केंद्रों के लिए जारी की गई कुल धनराशि तथा खेल उपकरणों की खरीद और कोचों की नियुक्ति की स्थिति क्या है;
(घ) इन केआईसी में एथलीटों के कार्यप्रणाली एवं प्रदर्शन की निगरानी के लिए क्या तंत्र मौजूद है; और
(ङ) जमुई के दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभाशाली एथलीटों की पहचान करने एवं उन्हें उक्त केंद्रों में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ग): बिहार राज्य सहित, देश भर में, खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) और खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों (केआईएससीई) का राज्य-वार और विधा-वार विवरण और इन केंद्रों के लिए जारी धनराशि, मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।

(घ) खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) के परिचालन और वहां प्रशिक्षित खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए एक संरचित निगरानी तंत्र मौजूद है। निर्दिष्ट खेलो इंडिया नोडल अधिकारी प्रत्येक केंद्र का समय-समय पर दौरा करते हैं ताकि परिचालनात्मक व्यवस्था, खेल उपकरणों की

उपलब्धता और स्थिति, प्रशिक्षण वातावरण तथा खिलाड़ियों की प्रगति और उपलब्धियों जैसे प्रमुख मापदंडों की समीक्षा करते हैं। इन केंद्रों का मूल्यांकन कई गुणात्मक और मात्रात्मक संकेतकों के आधार किया जाता है ताकि निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके और उनमें निरंतर सुधार किया जा सके।

(ङ) यह सुनिश्चित करने के लिए कि देश के दूरदराज क्षेत्रों, जिनमें जमुई भी शामिल है, से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान की जाए और उन्हें संरचित प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिले में एक खेलो इंडिया केंद्र अधिसूचित किया गया है। यह केंद्र एक पूर्व चैम्पियन एथलीट की निगरानी में कार्य करता है, जो स्थानीय प्रतिभा की व्यवस्थित स्काउटिंग करने, नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने और एथलीटों को मानकीकृत कोचिंग और खेल उपकरण उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार होता है।

*****